आकाषवाणी जयपुर–अजमेर
प्रादेषिक समाचार

दिनांक 21.06.2024 समय 18.30

- 10वें अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस पर देशभर में योगाभ्यास कार्यक्रम– प्रधानमंत्री के नेतृत्व में श्रीनगर में राष्ट्रीय स्तर का आयोजन–राज्य स्तरीय समारोह में राज्यपाल ने लोगों को योग का संकल्प दिलाया।
- मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा ने कहा –आने वाले समय में सरकार हर महीने भर्तियां निकालेगी।
- केन्द्र सरकार ने महिला सशक्तिकरण के लिये विशेष सम्पर्क जागरूकता अभियान शुरू किया।
- प्रदेश में आज भी कई जिलों में तेज अंधड़ के साथ बारिश–आगामी सप्ताह में बारिश की गतिविधियों में बढ़ोतरी के आसार।

000

दसवां अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस आज विश्वभर में योगाभ्यास कार्यक्रमों के साथ मनाया जा रहा है। राष्ट्रीय स्तर पर मुख्य समारोह प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में जम्मू–कश्मीर के श्रीनगर में शेर–ए–कश्मीर अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन केंद्र में आयोजित किया गया। इस अवसर पर प्रधानमंत्री ने शारीरिक, मानसिक और आध्यात्मिक विकास में योग को महत्वपूर्ण बताया। उन्होंने कहा कि दुनियाभर में योग अपनाने वालों की संख्या बढ़ती जा रही है और इसकी उपयोगिता को भी लोग पहचान रहे हैं।

प्रदेश में राज्य स्तरीय योग दिवस कार्यक्रम जयपुर के सवाईमानसिंह स्टेडियम में आयोजित किया गया। कार्यक्रम में राज्यपाल कलराज मिश्र ने लोगों को **"योग स्वयं के लिए और समाज के लिए"** का संकल्प दिलाया। उन्होंने सभी के सुखी होने, सभी के निरोग रहने और राष्ट्र और समाज के लिए मिलकर काम करने का आह्वान किया। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा, उपमुख्यमंत्री डॉ. प्रेमचन्द बैरवा, विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी, मुख्य सचिव सुधांश पंत और अन्य गणमान्य लोगों ने सामूहिक योग और प्राणायाम किया। कार्यक्रम के बाद मुख्यमंत्री ने पत्रकारों से बातचीत करते हुए कहा कि योग हमारी संस्कृति है और यह सम्पूर्ण स्वास्थ्य का मंत्र है। उन्होंने कहा कि स्वस्थ जीवन शैली और आदर्श समाज की स्थाना में योग की अहम भूमिका है। उन्होंने प्रत्येक नागरिक से योग को अपनाने का आह्वान किया। केन्द्रीय आयुष मंत्रालय और राष्ट्रीय आयुर्वेद संस्थान जयपुर द्वारा जंतर मंतर पर युवाओं के लिए योग अभ्यास आयोजित किया गया। इसके अलावा विधानसभा परिसर, आरयूएचएस, भगत सिंह पार्क सहित शहर के अन्य प्रमुख स्थानों पर योग कार्यक्रम हुए।

राज्य के अन्य जिलों में भी योग दिवस पर जिला स्तरीय कार्यक्रमों के साथ ब्लॉक मुख्यालय और ग्राम पंचायत स्तर पर भी कार्यक्रम आयोजित किये गये। सरहदी जैसलमेर में बीएसएफ के जवानों ने करीब एक घंटे तक योग आसान किये। राजस्थान फ्रंटियार मुख्यालय सीमा सुरक्षा बल जोधपुर और इसके अधीन सभी सेक्टर/बटालियन मुख्यालयों और सीमा चौकियों में सीमा प्रहरियों ने योगाभ्यास किया। आबूरोड में ब्रह्मकुमारी आश्रम में 10 हजार लोगों ने एक साथ योग कर फिट रहने का संदेश दिया। बीकानेर में केंद्रीय मंत्री अर्जुन राम मेघवाल योग कार्यक्रम में शामिल हुए।

कोटा और जोधपुर रेल मंडल में सभी छोटे बड़े स्टेशनों पर सामूहिक योगाभ्यास कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। प्रमुख स्टेशनों पर योग से संबंधित वीडियो क्लिपिंग, योग उद्घोषणा और जिंगल्स द्वारा यात्रियों और कर्मचारियों को कॉमन योगा प्रोटोकाल के तहत योग करने के लिए प्रेरित किया गया। सवाईमाधोपुर में पीएम श्री केन्द्रीय विद्यालय में भी विभिन्न योग आसानों का अभ्यास किया गया। राजसमंद में विश्व धरोहर कुंभलगढ दुर्ग परिसर में योगाभ्यास के दौरान लोगों में उत्साह देखा गया।

000

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने देशवासियों को 10वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस की शुभकामनाएं दी हैं। एक सोशल मीडिया पोस्ट में राष्ट्रपति ने कहा कि जीवन शैली से जुडी बढती समस्याओं को देखते हुए योग आज और अधिक महत्वपूर्ण हो गया है। योग शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य तथा आध्यात्मिक उन्नति में सहायक हैं। राष्ट्रपति मुर्मू ने लोगों से योग को दैनिक जीवन का अभिन्न् अंग बनाने का आग्रह किया।

000

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा है कि आने वाले समय में सरकार हर महीने भर्तियां निकालेगी। आज जयपुर में अखिल भारतीय राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ के 62वें प्रांतीय अधिवेशन को संबोधित करते हुए श्री शर्मा ने कहा कि शिक्षक समाज को दिशा देने का काम करते हैं, इसी कारण उनका समाज मे विशिष्ट स्थान है। उन्होंने कहा कि कर्मचारी कल्याण राज्य सरकार की प्राथमिकता है। कर्मचारियों के लिए सरकार एक के बाद एक सकारात्मक कदम उठा रही है। उन्होंने कहा कि कॉलेज और विश्विद्यालय के शिक्षकों की सेवानिवृत्ति आयु के लिए जो भी उचित होगा इस पर फैसला लिया जाएगा। उन्होंने कहा कि महाविद्यालय और विश्वविद्यालयों में खाली पदों को जल्द भरा जाएगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि आने वाले समय में हर तरह की भर्तियां निकलेंगी।

000

राज्यपाल और कुलाधिपति कलराज मिश्र ने कहा है कि विश्वविद्यालय उत्कृष्ट और सर्वोच्च ज्ञान के केन्द्र बने। उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालय शिक्षा के ऐसे केंद्र बनें, जहां जीवन व्यवहार की शिक्षा मिले। श्री मिश्र आज जोधपुर में जयनारायण व्यास विश्वविद्यालय के दीक्षांत समारोह में बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 में पुस्तकीय ज्ञान के साथ ही विद्यार्थियों को उच्च शिक्षा में व्यावसायिक और जीवन कौशल शिक्षा के व्यावहारिक पाठ्यक्रमों पर जोर दिया गया है। उन्होंने कहा कि सभी विश्वविद्यालय इसे पूरी तरह से लागू करने के साथ इसमें निहित उद्देश्यों की पूर्ति के लिए कार्य करें।

श्री मिश्र ने बताया कि जयनारायण व्यास विश्वविद्यालय को प्रधानमंत्री उच्चतर शिक्षा अभियान के अन्तर्गत 100 करोड रूपये की अनुदान राशि केन्द्र सरकार और राज्य सरकार द्वारा स्वीकृत की गई है। समारोह में श्री मिश्र ने अव्वल छात्र–छात्राओं को स्वर्ण पदक प्रदान किए।

000

केन्द्र सरकार ने महिला सशक्तिकरण के लिए एक सौ दिन का विशेष संपर्क जागरूकता अभियान शुरू किया है। नई दिल्ली में अभियान का शुभारंभ करते हुए महिला और बाल विकास राज्य मंत्री सावित्री ठाकुर ने कहा कि विभिन्न योजनाओं की जानकारी की कमी के कारण महिलाएं अक्सर इनका लाभ नहीं उठा पाती हैं। उन्होंने कहा कि यह विशेष संपर्क अभियान ब्लॉक स्तर पर आशा और आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को प्रशिक्षित करने के लिए डिज़ाइन किया गया है। श्रीमती ठाकुर ने कहा कि मिशन की प्रगति की समय–समय पर समीक्षा की जाएगी। उन्होंने आशा व्यक्त की कि इस अभियान से प्राप्त डेटा और ज्ञान का उपयोग अगले 5 वर्षों के लिए महिला उन्मुख योजनाओं और अभियानों को सफल बनाने में किया जाएगा। मीडिया से बात करते हुए श्रीमती ठाकुर ने कहा कि हर संसदीय क्षेत्र में आठ सदस्यीय टीम गठित की जाएगी जो जागरूकता अभियान के कार्यान्वोयन के लिए केंद्र के साथ समन्वय करेंगी।

000

आकाशवाणी समाचार जयपुर की ओर से प्रादेशिक समाचार बुलेटिनों में तीन नये आपराधिक कानूनों के बारे में जागरुकता लाने के उद्देश्य से श्रृंखला चलायी जा रही है। इसके तहत आज हम आपको भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता के एक और विशेष प्रावधान के बारे में बता रहे हैं। पीड़ितों को उनकी शिकायत के संबंध में पूरी जानकारी सुनिश्चित करने के लिए धारा 173 (2) के तहत पुलिस द्वारा दर्ज एफआईआर की एक मुफ्त प्रति प्राप्त करने का अधिकार दिया गया है। इसके अलावा पुलिस के लिये अब धारा 193 (3) भाग 2 के तहत जांच के 90 दिनों के भीतर पीड़ित को जांच की प्रगति के बारे में सूचित करना अनिवार्य

किया गया है। धारा 230 में पीड़ित को इलेक्ट्रॉनिक तरीके से दस्तावेज देना शुरू किया गया है। धारा 265 के तहत पीड़ित को इलेक्ट्रॉनिक रूप से साक्ष्य पेश करने की भी छूट दी गई है।

0000

प्रदेश में आज भी कई जिलों में तेज अंधड़ के साथ हल्की बारिश हुई है। जबकि कई जिलों में बादल छाये रहे। जयपुर, अजमेर, दौसा, नागौर, चित्तौड़गढ, राजसमंद, सवाईधोपुर, करौली, धौलपुर तथा टोंक जिलों में कहीं तेज हवाओं के साथ हल्की से मध्यम पानी बरसा तो कुछ स्थानों पर बूंदाबादी हुई। इस बीच सरहदी जिले जैसलमेर में गर्मी और उमस रही। मौसम विभाग के अनुसार आज बीकानेर, जयपुर भरतपुर, कोटा और उदयपुर संभाग के कुछ भागों में मेघगर्जन के साथ बारिश होने की संभावना है। आज कोटा, उदयपुर संभाग में कहीं—कहीं मध्यम से तेज बारिश होने और कहीं—कहीं भारी बारिश की संभावना है। मौसम केंद्र जयपुर के निदेशक राधेश्याम शर्मा ने कहा कि आने वाले एक सप्ताह में बारिश की गतिविधियों में बढोतरी होने के आसार हैं।

000

सर्वोच्च न्यायालय ने मेडिकल स्नातक प्रवेश परीक्षा नीट—यूजी की इस वर्ष की काउंसलिंग प्रक्रिया रोकने से इनकार कर दिया है और राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी को नोटिस भेजा है। न्यायालय ने नई याचिकाओं को मौजूदा याचिकाओं के साथ जोड़ दिया और सुनवाई की तारीख 8 जुलाई तय की है। यह फैसला इस मामले पर परीक्षा को लेकर चल रही कानूनी चुनौतियों के बीच आया है।

000

झालावाड के जल दुर्ग गागरौन को यूनेस्को द्वारा विश्व धरोहर घोषित किये जाने की वर्षगांठ पर संगोष्ठी आयोजित की गई। वर्ष 2013 में झालावाड के इस अभेध दुर्ग को विश्व धरोहर में शामिल किया गया था । दो नदियों आहू और कालीसिंध के संगम पर अरावली पर्वत की सहयोगी मुकुन्दरा हिल्स पर बिना नींव के बना यह किला कोटा रियासत का मुख्य किला था जिसे खींची राजाओं ने बनवाया था। इसी वंश के राजा पीपा जी ने सन्यास लेकर गागरौन में ही तपस्या भी की थी और यहीं उनकी समाधि भी है। आज इस दुर्ग के संरक्षण और विकास की मांग राज्य सरकार से की गई।

000